>

Title: Need to extend the current session and pass the pending bills.

श्री विलास मुत्तेमवार (नागपुर): सभापति जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। यह बड़ी विडम्बना है कि 15वीं लोक सभा का सारा समय जिस तरह से गया, हम सब जानते हैं और हमने देखा है। फिर भी इस देश के हित के लिए कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा नहीं हुई है और वे बिल पास नहीं हुए। सौभाग्य से सारे बिल तैयार हैं, हमें उन पर चर्चा करनी चाहिए। जैसे डिसेबिलिटी राइट बिल, ग्रीवेंस रीड्रेसल बिल, एससी, एसटी एट्रोसिटी अमेंडमेंट बिल, रिजर्वेशन इन प्रमोशन एससी, एसटी सबप्लान, व्हिस्ल ब्लोअर एंड कम्युनल वायलेंस बिल। मेरा आपसे आग्रह है कि हमें इस आखिरी सत्र का समय एक्सटेंड करना चाहिए और इन सारे बिलों पर चर्चा करनी चाहिए। मैं समझता हूं कि सभी पक्षों की इसमें एक राय है कि लोक सभा के इस सत्र को दो-तीन दिन के लिए बढ़ाया जाए और इन बिलों पर चर्चा करके इन्हें पास कराना चाहिए।